
निर्देश (प्र.सं. 1 – 4) : दिए गए स्तंभ आलेख में विद्यार्थियों की संख्या और परीक्षा में प्राप्त अंक को दर्शाया गया है । चित्र का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए तथा प्रश्नों के उत्तर दीजिए । (अंक केवल पूर्णांकों में दिए गए हैं )

**Direction (Q. No. 1 – 4)** : The given histogram shows the number of students and marks in an examination. Examine the diagram and answer the questions. (Marks are given in integers only)




1. प्रथम तथा अंतिम अंतराल में अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों की संख्या का अनुपात क्या है ?

A) 5 : 6
B) 4 : 5
C) 3 : 4
D) 6 : 5
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

*The ratio of the students obtaining marks in the first and the last interval is*

*A) 5 : 6*
*B) 4 : 5*
*C) 3 : 4*
*D) 6 : 5*
*E) None of the above*

2. न्यूनतम विद्यार्थियों ने किस अंतराल में अंक प्राप्त किए ?

A) 40 – 50 B) 0 – 10
C) 10 – 20 D) 20 – 30
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

The least number of students got the marks in the interval

A) 40 – 50 B) 0 – 10
C) 10 – 20 D) 20 – 30
E) None of the above

3. अधिकतम विद्यार्थियों ने किस अंतराल में अंक प्राप्त किए ?

A) 10 – 20 B) 40 – 50
C) 30 – 40 D) 20 – 30
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

The maximum number of students got the marks in the interval of

A) 10 – 20 B) 40 – 50
C) 30 – 40 D) 20 – 30
E) None of the above

4. आँकड़ों में सम्मिलित विद्यार्थियों की कुल संख्या कितनी है ?

A) 33 B) 42
C) 43 D) 32
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

The total number of students involved in data is

A) 33 B) 42
C) 43 D) 32
E) None of the above

5. शिवालिक पर्वतमाला को और किस नाम से जाना जाता है ?
A) महान हिमालय
B) ट्रांस हिमालय
C) बाह्य हिमालय
D) लघु हिमालय
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Shiwalik Hills are also known as
A) Greater Himalayas
B) Trans Himalayas
C) Outer Himalayas
D) Lesser Himalayas
E) None of the above

6. जुलाई 2026 की स्थिति के अनुसार भारतीय रिज़र्व बैंक के वर्तमान राज्यपाल कौन हैं ?
A) शक्तिकांत दास B) रघुराम राजन
C) संजय मल्होत्रा D) उर्जित पटेल
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Who is the present Governor of the Reserve Bank of India (RBI) as on July 2026 ?
A) Shaktikanta Das B) Raghuram Rajan
C) Sanjay Malhotra D) Urjit Patel
E) None of the above

7. जून 2026 तक प्रसार भारती के अध्यक्ष के रूप में किसे नियुक्त किया गया है ?
A) विकास कुमार B) श्री प्रसून जोशी
C) नीलेश रंजन D) शेखर कपूर
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Who has been appointed as the Chairman of Prasar Bharati (as on June 2026) ?
A) Vikas Kumar B) Shri Prasoon Joshi
C) Neelesh Ranjan D) Shekhar Kapur
E) None of the above

8. नील विद्रोह (नील दंगे) वर्ष 1860 में बंगाल में किसके शासनकाल के दौरान हुआ था ?
A) लॉर्ड कैनिंग
B) लॉर्ड कर्ज़न
C) लॉर्ड रिपन
D) लॉर्ड डलहौजी
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

The Indigo Revolt (Indigo Riots) occurred in Bengal in 1860 during the tenure of
A) Lord Canning
B) Lord Curzon
C) Lord Ripon
D) Lord Dalhousie
E) None of the above

9. संयुक्त प्रान्त आबकारी अधिनियम, 1910 के अंतर्गत मादक औषधि की परिभाषा किस अधिनियम के अधीन विनियमित पदार्थों का भी उल्लेख करती है ?
A) औषधि एवं प्रसाधन अधिनियम, 1940
B) विष अधिनियम, 1919
C) मादक औषधि एवं मन:प्रभावी पदार्थ अधिनियम, 1985
D) खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

The definition of Intoxicating Drug under the United Provinces Excise Act, 1910, also refers to substances regulated under which Act ?
A) Drugs and Cosmetics Act, 1940
B) Poisons Act, 1919
C) Narcotic Drugs and Psychotropic Substances Act, 1985
D) Food Safety and Standards Act, 2006
E) None of the above

10. निम्नलिखित में से किस मादक पेय पदार्थ का उत्पादन आसवन के बिना किया जाता है ?
A) व्हिस्की
B) बीयर
C) रम
D) ब्रांडी
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Which of the following alcoholic beverages is produced without distillation ?
A) Whisky
B) Beer
C) Rum
D) Brandy
E) None of the above

11. निम्नलिखित में से मौलिक अधिकारों का सर्वोत्तम वर्णन कौन-सा है ?
A) शासन द्वारा कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से प्रदान किए गए अधिकार
B) संविधान द्वारा दिए गए ऐसे अधिकार जिन्हें किसी भी परिस्थिति में सीमित नहीं किया जा सकता
C) देश के संविधान द्वारा संरक्षित एवं प्रत्याभूत अधिकार
D) ऐसे अधिकार जिनका दावा केवल आपातकाल के दौरान किया जा सकता है
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Which of the following is the best description of Fundamental Rights ?
A) Rights provided by the government through welfare schemes
B) The rights given by the Constitution that cannot ever be restricted
C) The rights protected and guaranteed by the Constitution of the country
D) Rights that can be claimed only during emergencies
E) None of the above

12. प्रौद्योगिकी के संदर्भ में ''आत्मनिर्भर भारत'' का मुख्य बल किस पर है ?
A) स्वदेशी क्षमता का विकास
B) केवल निजीकरण
C) केवल विदेशी सहयोग
D) आयात पर निर्भरता
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

The term "Atmanirbhar Bharat" (Self-Reliant India) in the context of technology primarily emphasizes building
A) Indigenous capability development
B) Privatization only
C) Foreign collaboration only
D) Import dependence
E) None of the above

13. भारत की संचित निधि का अस्तित्व भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद से प्राप्त होता है ?
A) अनुच्छेद 112 B) अनुच्छेद 280
C) अनुच्छेद 267 D) अनुच्छेद 110
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

The Consolidated Fund of India draws its existence from which Article of the Constitution of India ?
A) Article 112 B) Article 280
C) Article 267 D) Article 110
E) None of the above

14. लैटराइट मिट्टी ________ से समृद्ध होती है ।
A) नाइट्रोजन B) कार्बन
C) लौह ऑक्साइड D) चूना
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Laterite soils are rich in
A) Nitrogen B) Carbon
C) Iron oxides D) Lime
E) None of the above

3369034407

15. आबकारी (स्पिरिट्स) अधिनियम (परिषद में गवर्नर जनरल का अधिनियम) किस वर्ष अधिनियमित किया गया था ?
A) 1894
B) 1907
C) 1906
D) 1895
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

The Excise (Spirits) Act (Acts of Governor General in Council) was enacted in which year ?
A) 1894
B) 1907
C) 1906
D) 1895
E) None of the above

16. जनवरी 2026 में किस राज्य ने बैसिलस सब्टिलिस को अपना राज्य सूक्ष्मजीव घोषित किया ?
A) ओडिशा
B) तमिलनाडु
C) गोवा
D) महाराष्ट्र
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Which state declared Bacillus subtilis as its State Microbe in January 2026 ?
A) Odisha
B) Tamil Nadu
C) Goa
D) Maharashtra
E) None of the above

17. मोटर वाहन अधिनियम, 1988 की धारा 185 के अंतर्गत, यदि किसी व्यक्ति के रक्त में अल्कोहल की मात्रा __________ से अधिक हो, तो वह नशे की अवस्था में वाहन चलाने का दोषी माना जाता है ।
A) 100 मिलीलीटर रक्त में 10 मिलीग्राम
B) 100 मिलीलीटर रक्त में 30 मिलीग्राम
C) 100 मिलीलीटर रक्त में 5 मिलीग्राम
D) 100 मिलीलीटर रक्त में 20 मिलीग्राम
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Under Section 185 of the Motor Vehicles Act, 1988 a person is punishable for drunken driving if the alcohol concentration in his blood exceeds
A) 10 mg per 100 ml of blood
B) 30 mg per 100 ml of blood
C) 5 mg per 100 ml of blood
D) 20 mg per 100 ml of blood
E) None of the above

18. हड़प नीति भारत के किस गवर्नर जनरल द्वारा प्रारम्भ की गई थी ?
A) लॉर्ड कैनिंग
B) लॉर्ड रिपन
C) लॉर्ड डलहौजी
D) लॉर्ड कर्ज़न
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

The Doctrine of Lapse was introduced by the Governor General of India
A) Lord Canning
B) Lord Ripon
C) Lord Dalhousie
D) Lord Curzon
E) None of the above

19. मदिरा, बीयर, व्हिस्की, ब्रांडी और रम जैसे मादक पेय पदार्थों के उत्पादन में सामान्यत: किस सूक्ष्मजीव का उपयोग किया जाता है ?
A) *लैक्टोबैसिलस*
B) *एस्परजिलस नाइजर*
C) *सैकरोमाइसीज़ सेरेविसी*
D) *राइजोबियम*
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Which microorganism is commonly used for the production of alcoholic beverages such as wine, beer, whisky, brandy and rum ?
A) *Lactobacillus*
B) *Aspergillus niger*
C) *Saccharomyces cerevisiae*
D) *Rhizobium*
E) None of the above

20. भारत के आर्थिक सर्वेक्षण 2025 – 26 के अनुसार, वर्ष 2024 – 25 में भारत में मूँगफली का सर्वाधिक उत्पादन किस राज्य में हुआ ?

A) गोवा
B) तमिलनाडु
C) केरलम
D) गुजरात
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

According to the Indian Economic Survey 2025 – 26, which state was the largest producer of groundnut in India during 2024 – 25 ?

A) Goa
B) Tamil Nadu
C) Keralam
D) Gujarat
E) None of the above

21. लोकसभा का चुनाव लड़ने के लिए न्यूनतम योग्यता क्या है ?

A) व्यक्ति भारत का नागरिक हो तथा उसकी आयु 25 वर्ष से कम न हो ।
B) व्यक्ति भारत का नागरिक हो तथा उसकी आयु 35 वर्ष से कम न हो ।
C) व्यक्ति भारत का नागरिक हो तथा उसकी आयु 18 वर्ष से कम न हो ।
D) व्यक्ति भारत का नागरिक हो तथा उसकी आयु 21 वर्ष से कम न हो ।
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

What is the minimum qualification to contest election of Lok Sabha ?

A) A person must be a citizen of India and not less than 25 years of age.
B) A person must be a citizen of India and not less than 35 years of age.
C) A person must be a citizen of India and not less than 18 years of age.
D) A person must be a citizen of India and not less than 21 years of age.
E) None of the above

22. प्रौद्योगिकी नीति का मुख्य उद्देश्य ऐसा क्या तैयार करना है जो राष्ट्रीय विकास का समर्थन करें ?

A) आयात पर निर्भरता
B) मैनुअल श्रम में वृद्धि
C) आत्मनिर्भर नवाचार पारिस्थितिकी तंत्र
D) पृथक ज्ञान का आदान-प्रदान
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

The main goal of technology policy is to create a/an ________ that supports national development.

A) Import dependence
B) Increase manual labour
C) Self-reliant innovation ecosystem
D) Isolated knowledge sharing
E) None of the above

23. भारत में राष्ट्रीय मतदाता दिवस प्रत्येक वर्ष कब मनाया जाता है ?

A) 25 जनवरी
B) 23 जनवरी
C) 22 सितम्बर
D) 1 अप्रैल
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

In India National Voters' Day is celebrat[ed] every year on

A) January 25th
B) January 23rd
C) September 22nd
D) April 1st
E) None of the above

24. __________ भारत में आपदा प्रबंधन के लिए सर्वोच्च निकाय के रूप में निर्दिष्ट है ।

A) राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (NDRF)

B) राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन संस्थान (NIDM)

C) राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (NDMA)

D) राज्य आपदा मोचन बल (SDRF)

E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

__________ is designated as the apex body for disaster management in India.

A) National Disaster Response Force (NDRF)

B) National Institute of Disaster Management (NIDM)

C) National Disaster Management Authority (NDMA)

D) State Disaster Response Force (SDRF)

E) None of the above

25. "भारत में स्थानीय स्वशासन का जनक" किसे कहा जाता है ?

A) लॉर्ड रिपन

B) लॉर्ड कैनिंग

C) लॉर्ड कर्ज़न

D) लॉर्ड डलहौजी

E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Who is known as the "Father of Local Self-Government in India" ?

A) Lord Ripon

B) Lord Canning

C) Lord Curzon

D) Lord Dalhousie

E) None of the above

26. औषधीय प्रयोजनों के लिए उपयोग की जाने वाली वास्तविक औषधियुक्त वस्तुओं को छूट संयुक्त प्रांत आबकारी अधिनियम, 1910 की किस धारा के अंतर्गत प्रदान की गई है ?

A) धारा 72

B) धारा 77

C) धारा 76

D) धारा 73

E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

The exception for bona fide medicated articles used for medicinal purposes is provided under which Section of the United Provinces Excise Act, 1910 ?

A) Section 72

B) Section 77

C) Section 76

D) Section 73

E) None of the above

27. यीस्ट एक एककोशिकीय सूक्ष्मजीव है, जो शर्करा के किण्वन द्वारा किसका उत्पादन करता है ?

A) मेथेनॉल तथा कार्बन डाइऑक्साइड

B) एसीटिक अम्ल तथा मेथेनॉल

C) लैक्टिक अम्ल तथा मेथेनॉल

D) एथेनॉल तथा कार्बन डाइऑक्साइड

E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Yeast is a unicellular microorganism responsible for the fermentation of sugars to produce

A) Methanol and Carbon Dioxide

B) Acetic Acid and Methanol

C) Lactic Acid and Methanol

D) Ethanol and Carbon Dioxide

E) None of the above

**निर्देश (प्र.सं. 28 – 31) :** नीचे दी गई जानकारी का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए तथा दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।

नीचे दी गई सारणी किसी नगर में विभिन्न वर्षों में अलग-अलग विभागों के व्यावसायिकों की कुल संख्या तथा उनमें महिलाओं का प्रतिशत दर्शाती है ।

**Direction (Q. No. 28 – 31) :** Study the following information carefully and answer the given questions.

The following table shows the total number of professionals from different departments in different years in a certain city and the percentage of female among them.

| वर्ष Years | अभियांत्रिकी Engineering | | विधि Law | | चिकित्सा Medicine | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | कुल कर्मचारी Total employees | महिलाओं का प्रतिशत % of female | कुल कर्मचारी Total employees | महिलाओं का प्रतिशत % of female | कुल कर्मचारी Total employees | महिलाओं का प्रतिशत % of female |
| 2013 | 650 | 48% | 450 | 46% | 180 | 35% |
| 2014 | 720 | 45% | 560 | 35% | 160 | 45% |
| 2015 | 680 | 60% | 620 | 55% | 150 | 38% |
| 2016 | 540 | 40% | 650 | 56% | 200 | 42% |
| 2017 | 660 | 50% | 700 | 40% | 120 | 55% |

28. वर्ष 2014 में पुरुष चिकित्सा व्यावसायिकों की संख्या तथा वर्ष 2013 में महिला अभियांत्रिकी व्यावसायिकों की संख्या का अनुपात ज्ञात कीजिए ।
    A) 23 : 57 B) 11 : 39
    C) 5 : 13 D) 51 : 79
    E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

    Find the ratio between the number of male medical professionals in the year 2014 to that of number of female engineering professionals in the year 2013.
    A) 23 : 57 B) 11 : 39
    C) 5 : 13 D) 51 : 79
    E) None of the above

29. वर्ष 2013, 2015 तथा 2017 में पुरुष विधि व्यावसायिकों की औसत संख्या ज्ञात कीजिए ।
    A) 314 B) 275
    C) 287 D) 352
    E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

    Find the average number of male law professionals in the year 2013, 2015 and 2017 together.
    A) 314 B) 275
    C) 287 D) 352
    E) None of the above

30. वर्ष 2015 में पुरुष अभियांत्रिकी व्यावसायिकों की संख्या तथा वर्ष 2013 में महिला विधि व्यावसायिकों की संख्या के बीच का अंतर ज्ञात कीजिए ।
    A) 65 B) 52
    C) 43 D) 24
    E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

    Find the difference between the number of male engineering professionals in the year 2015 to that of number of female law professionals in the year 2013.
    A) 65 B) 52
    C) 43 D) 24
    E) None of the above

31. दिए गए सभी वर्षों में अभियांत्रिकी व्यावसायिकों की कुल संख्या तथा चिकित्सा व्यावसायिकों की कुल संख्या के बीच का अंतर ज्ञात कीजिए ।
    A) 2450 B) 3340
    C) 2440 D) 2300
    E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

    What is the difference between the total number of engineering professionals and total number of medical professionals in all the given years together ?
    A) 2450 B) 3340
    C) 2440 D) 2300
    E) None of the above

32. गगनयान मिशन भारत की प्रथम मानवयुक्त कक्षीय अंतरिक्ष परियोजना है, जिसका उद्देश्य तीन सदस्यीय दल को 400 किलोमीटर की निम्न पृथ्वी कक्षा में तीन दिनों के लिए भेजकर सुरक्षित वापस लाना तथा किस क्षमता का प्रदर्शन करना है ?

A) चन्द्रमा पर अवतरण
B) उपग्रह आधारित अंतरजाल सेवा
C) मंगल ग्रह अन्वेषण
D) मानव अंतरिक्ष उड़ान
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

The Gaganyaan mission is India's first crewed orbital spacecraft project, designed to demonstrate __________ capability by sending a three-member crew into a 400 km low earth orbit for a three-day mission and safely returning them to earth.

A) Moon landing
B) Satellite internet
C) Mars exploration
D) Human spaceflight
E) None of the above

33. निम्नलिखित में से किस मौद्रिक समुच्चय को भारत में संकीर्ण मुद्रा कहा जाता है ?

A) M1
B) M4
C) M3
D) M0
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Which of the following Monetary aggregates is known as Narrow Money in India ?

A) M1
B) M4
C) M3
D) M0
E) None of the above

34. भारत छोड़ो आन्दोलन कब प्रारम्भ किया गया था ?

A) 8 जून 1942
B) 15 अगस्त 1942
C) 19 अगस्त 1942
D) 8 अगस्त 1942
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

The Quit India Movement was launched on

A) 8 June 1942
B) 15 August 1942
C) 19 August 1942
D) 8 August 1942
E) None of the above

35. क्योटो प्रोटोकॉल किससे संबंधित है ?

A) ओज़ोन परत का क्षरण
B) जलवायु परिवर्तन का शमन
C) मरुस्थलीकरण
D) जैव विविधता संरक्षण
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

The Kyoto Protocol is associated with

A) Ozone depletion
B) Climate change mitigation
C) Desertification
D) Biodiversity conservation
E) None of the above

36. प्रसिद्ध अर्थशास्त्र पुस्तक ''राष्ट्रों की संपदा'' के लेखक कौन हैं ?

A) एडम स्मिथ
B) कार्ल मार्क्स
C) डेविड रिकार्डो
D) जॉन मेनार्ड कीन्स
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Who wrote the famous economics book "The Wealth of Nations" ?

A) Adam Smith
B) Karl Marx
C) David Ricardo
D) John Maynard Keynes
E) None of the above

37. एथिल अल्कोहल (एथेनॉल) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए ।

1. एथिल अल्कोहल एक पारदर्शी, रंगहीन, ज्वलनशील एवं वाष्पशील द्रव है ।
2. एथिल अल्कोहल यीस्ट द्वारा कार्बोहाइड्रेट के किण्वन से प्राप्त किया जाता है ।
3. एथिल अल्कोहल का रासायनिक सूत्र $C_2H_5OH$ है ।

उपरोक्त में से कौन-से कथन सही हैं ?

A) केवल 1
B) 1, 2 और 3
C) केवल 3
D) केवल 2
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Consider the following statements regarding ethyl alcohol (ethanol).

1. Ethyl alcohol is a transparent, colourless, flammable and volatile liquid.
2. Ethyl alcohol is obtained by the fermentation of carbohydrates with yeast.
3. Ethyl alcohol has the chemical formula $C_2H_5OH$.

Which of the statements given above are correct ?

A) 1 only
B) 1, 2 and 3
C) 3 only
D) 2 only
E) None of the above

38. भारतीय संविधान में मौलिक कर्तव्यों को किस संशोधन द्वारा प्रस्तुत किया गया ?

A) 42 वाँ संविधान संशोधन
B) 24 वाँ संविधान संशोधन
C) 45 वाँ संविधान संशोधन
D) 44 वाँ संविधान संशोधन
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Which Amendment to the Indian Constitution introduced Fundamental Duties ?

A) 42nd Constitutional Amendment
B) 24th Constitutional Amendment
C) 45th Constitutional Amendment
D) 44th Constitutional Amendment
E) None of the above

39. कंचन कवच का उपयोग किसमें किया जाता है ?

A) लड़ाकू विमान
B) उपग्रह
C) अर्जुन मैन बैटल टैंक
D) पनडुब्बियाँ
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Kanchan armour is used in

A) Fighter jets
B) Satellites
C) Arjun main battle tank
D) Submarines
E) None of the above

40. भारत की संविधान सभा की पहली बैठक कब आयोजित हुई थी ?

A) 9 दिसम्बर 1946
B) 9 नवम्बर 1949
C) 9 सितम्बर 1949
D) 15 अगस्त 1947
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

The Constituent Assembly of India held its first meeting on

A) December 9, 1946
B) November 9, 1949
C) September 9, 1949
D) August 15, 1947
E) None of the above

41. राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (NDRF) का गठन ________ के अंतर्गत किया गया था ।
A) पर्यावरण संरक्षण अधिनियम, 1986
B) वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972
C) वन संरक्षण अधिनियम, 1980
D) आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

National Disaster Response Force (NDRF) was constituted under the
A) Environment Protection Act, 1986
B) Wildlife Protection Act, 1972
C) Forest Conservation Act, 1980
D) Disaster Management Act, 2005
E) None of the above

42. पेरी ________ से बनाई जाने वाली मदिरा है ।
A) सेब का रस
B) नाशपाती का रस
C) गन्ने का रस
D) अंगूर का रस
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Perry is a wine prepared from
A) Apple juice
B) Pear juice
C) Sugarcane juice
D) Grape juice
E) None of the above

43. गिरफ्तार किए गए व्यक्ति को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने के लिए कौन-सी रिट जारी की जाती है ?
A) बंदी प्रत्यक्षीकरण B) अधिकार पृच्छा
C) परमादेश D) उत्प्रेषण
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Which writ is issued to produce an arrested person before the court ?
A) Habeas Corpus B) Quo Warranto
C) Mandamus D) Certiorari
E) None of the above

44. आदित्य-एल1 मिशन भारत का प्रथम समर्पित वैज्ञानिक मिशन है, जिसे किसका अध्ययन करने के लिए भेजा गया था ?
A) चन्द्रमा B) सूर्य
C) शुक्र ग्रह D) मंगल ग्रह
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

The Aditya-L1 mission is India's first dedicated scientific mission designed to study the
A) Moon B) Sun
C) Venus D) Mars
E) None of the above

45. तृतीय गोलमेज सम्मेलन ________ में आयोजित किया गया था ।
A) 1932 B) 1935
C) 1930 D) 1931
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

The Third Round Table Conference was held in
A) 1932 B) 1935
C) 1930 D) 1931
E) None of the above

46. निम्नलिखित में से कौन-सा भारत में प्रत्यक्ष कर नहीं है ?
A) आय कर
B) वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी)
C) संपत्ति कर
D) निगम कर
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Which one of the following is not a Direct Tax in India ?
A) Income Tax
B) Goods and Services Tax (GST)
C) Wealth Tax
D) Corporation Tax
E) None of the above

47. आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 के अंतर्गत राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (NDMA) का अध्यक्ष कौन होता है ?

A) भारत के राष्ट्रपति

B) भारत के प्रधानमंत्री

C) मंत्रिमंडल सचिव

D) गृह मंत्री

E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Under the Disaster Management Act, 2005, the National Disaster Management Authority (NDMA) is headed by the

A) President of India

B) Prime Minister of India

C) Cabinet Secretary

D) Home Minister

E) None of the above

48. भारत की संविधान सभा की प्रारूप समिति के अध्यक्ष कौन थे ?

A) डॉ. बी. आर. आंबेडकर

B) सरदार वल्लभभाई पटेल

C) पं. जवाहरलाल नेहरू

D) डॉ. राजेन्द्र प्रसाद

E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

The Drafting Committee of the Constituent Assembly of India was chaired by

A) Dr. B. R. Ambedkar

B) Sardar Vallabhbhai Patel

C) Pt. Jawaharlal Nehru

D) Dr. Rajendra Prasad

E) None of the above

49. भारत का संविधान कब अंगीकृत किया गया था ?

A) 26 नवम्बर 1949

B) 2 अक्टूबर 1950

C) 15 अगस्त 1947

D) 26 जनवरी 1951

E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

The Constitution of India was adopted on

A) 26th November 1949

B) 2nd October 1950

C) 15th August 1947

D) 26th January 1951

E) None of the above

50. सिंगापुर बैडमिंटन ओपन–2026 के पुरुष युगल बैडमिंटन का खिताब किस भारतीय जोड़ी ने जीता ?

A) मनु अत्री और बी. सुमीत रेड्डी

B) एच. एस. प्रणय और समीर वर्मा

C) लक्ष्य सेन और किदाम्बी श्रीकांत

D) सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी

E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Which Indian badminton pair won the Singapore Badminton Open 2026 men's doubles title ?

A) Manu Attri and B. Sumeeth Reddy

B) H. S. Prannoy and Sameer Verma

C) Lakshya Sen and Kidambi Srikanth

D) Satwiksairaj Rankireddy and Chirag Shetty

E) None of the above

51. 38 वीं समानांतर रेखा ________ को अलग करती है ।

A) उत्तर कोरिया और दक्षिण कोरिया

B) वियतनाम और लाओस

C) भारत और चीन

D) चीन और मंगोलिया

E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

The 38th Parallel Line separates

A) North Korea and South Korea

B) Vietnam and Laos

C) India and China

D) China and Mongolia

E) None of the above

52. वस्तु एवं सेवा कर (GST) परिषद भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद के अंतर्गत स्थापित एक संवैधानिक निकाय है ?

A) अनुच्छेद 279A
B) अनुच्छेद 282
C) अनुच्छेद 280
D) अनुच्छेद 266A
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

The Goods and Services Tax (GST) Council is a Constitutional body established under which Article of the Constitution of India ?

A) Article 279A
B) Article 282
C) Article 280
D) Article 266A
E) None of the above

53. लेगर बीयर के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए ।

1. लेगर बीयर का निर्माण निम्नस्तरीय किण्वन करने वाले यीस्ट से किया जाता है ।
2. लेगर बीयर को निम्न तापमान पर परिपक्व किया जाता है ।
3. पिल्सनर लेगर बीयर का एक प्रकार है, जिसका रंग हल्का तथा हॉप का स्वाद मध्यम होता है ।

उपरोक्त में से कौन-से कथन सही हैं ?

A) केवल 1
B) 1, 2 और 3
C) केवल 3
D) केवल 2
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Consider the following statements regarding Lager Beer.

1. Lager beer is prepared using bottom-fermenting yeast.
2. Lager beer is matured at low temperature.
3. Pilsner is a type of lager beer that is light in colour and has a medium hop flavour.

Which of the statements given above are correct ?

A) 1 only
B) 1, 2 and 3
C) 3 only
D) 2 only
E) None of the above

54. राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) की स्थापना कब हुई थी ?

A) 1982
B) 1992
C) 1964
D) 1969
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

National Bank for Agriculture and Rural Development (NABARD) was established in

A) 1982
B) 1992
C) 1964
D) 1969
E) None of the above

55. पाँचवीं एशिया कप ब्रिज चैंपियनशिप 2026 की मेज़बानी भारत के किस राज्य ने की ?

A) तमिलनाडु
B) झारखण्ड
C) ओडिशा
D) गोवा
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Which Indian state hosted the 5th Asia Cup Bridge Championships 2026 ?

A) Tamil Nadu
B) Jharkhand
C) Odisha
D) Goa
E) None of the above

56. विन्सन मैसिफ __________ का सर्वोच्च बिंदु है ।

A) आर्कटिक
B) ऑस्ट्रेलिया
C) अंटार्कटिका
D) यूरोप
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Vinson Massif is the highest point of

A) Arctic
B) Australia
C) Antarctica
D) Europe
E) None of the above

57. भारत में हरित क्रांति की आधारशिला किस पंचवर्षीय योजना के दौरान रखी गई थी ?

A) प्रथम पंचवर्षीय योजना (1951 – 56)

B) चतुर्थ पंचवर्षीय योजना (1969 – 74)

C) तृतीय पंचवर्षीय योजना (1961 – 66)

D) द्वितीय पंचवर्षीय योजना (1956 – 61)

E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

The foundation for the Green Revolution in India was laid during which Five-Year Plan ?

A) First Five-Year Plan (1951 – 56)

B) Fourth Five-Year Plan (1969 – 74)

C) Third Five-Year Plan (1961 – 66)

D) Second Five-Year Plan (1956 – 61)

E) None of the above

58. निम्नलिखित में से स्वस्थान संरक्षण का उदाहरण कौन-सा है ?

A) राष्ट्रीय उद्यान

B) वनस्पति उद्यान

C) प्राणी उद्यान

D) बीज बैंक

E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

________ is an example of in-situ conservation.

A) National park

B) Botanical garden

C) Zoo

D) Seed bank

E) None of the above

59. भारतीय संविधान के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए ।

1. 26 जनवरी 2026 को भारतीय संविधान ने अपने अस्तित्व के 75 वर्ष पूर्ण किए ।
2. इसमें 103 बार संशोधन किया जा चुका है ।
3. भारत में प्रत्येक वर्ष 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस मनाया जाता है ।

उपरोक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

A) केवल 1

B) केवल 3

C) केवल 1 और 2

D) केवल 2

E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Consider the following statements about Indian Constitution.

1. On 26th January 2026, the Constitution of India completed 75 years of its existence.
2. It has been amended 103 times.
3. In India, Republic Day is celebrated on 26th January every year.

Which of the statements given above is/are correct ?

A) 1 only

B) 3 only

C) 1 and 2 only

D) 2 only

E) None of the above

3369034407 3369034407 3369034407

60. सूर्यास्त्र रॉकेट प्रणाली का विकास किस कंपनी ने किया है ?

A) नाइब लिमिटेड

B) भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड

C) हिन्दुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड

D) भारत डायनेमिक्स लिमिटेड

E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Which company developed the Suryastra Rocket System ?

A) NIBE Limited

B) Bharat Electronics Limited

C) Hindustan Aeronautics Limited

D) Bharat Dynamics Limited

E) None of the above

61. अर्थव्यवस्था में प्राथमिक घाटा किसे कहा जाता है ?

A) राजस्व घाटा – राजकोषीय घाटा

B) राजस्व प्राप्तियाँ – राजस्व व्यय

C) राजकोषीय घाटा + ब्याज भुगतान

D) राजकोषीय घाटा – ब्याज भुगतान

E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

In economy, Primary Deficit is defined as

A) Revenue Deficit – Fiscal Deficit

B) Revenue Receipts – Revenue Expenditure

C) Fiscal Deficit + Interest Payments

D) Fiscal Deficit – Interest Payments

E) None of the above

**निर्देश (प्र.सं. 62 और 63) :** नीचे दिए गए वृत्त आरेख में एक परिवार द्वारा एक महीने में विभिन्न मदों पर किए गए व्यय तथा उसकी बचत को दर्शाया गया है । परिवार की मासिक बचत ₹ 8,000 है । वृत्त आरेख का अध्ययन कीजिए और उसके आधार पर प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।

**Direction (Q. No. 62 and 63) :** The pie chart given below shows expenditures incurred by a family on various items and their savings. The family saves ₹ 8,000 in a month. Study the chart and answer the questions based on the pie-chart.




62. भोजन पर व्यय तथा बचत का अनुपात क्या है ?

A) 3 : 2 B) 3 : 4

C) 4 : 3 D) 2 : 1

E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

The ratio of the expenditure on food to the savings is

A) 3 : 2 B) 3 : 4

C) 4 : 3 D) 2 : 1

E) None of the above

63. शिक्षा पर कितना व्यय किया गया है ?

A) ₹ 3,000 B) ₹ 7,000

C) ₹ 4,000 D) ₹ 5,000

E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

How much expenditure is incurred on education ?

A) ₹ 3,000 B) ₹ 7,000

C) ₹ 4,000 D) ₹ 5,000

E) None of the above

64. निम्नलिखित में से किस संविधान संशोधन द्वारा मतदान की न्यूनतम आयु 21 वर्ष से घटाकर 18 वर्ष की गई ?

A) 62 वाँ संविधान संशोधन

B) 89 वाँ संविधान संशोधन

C) 61 वाँ संविधान संशोधन

D) 34 वाँ संविधान संशोधन

E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Which of the following Constitutional Amendment lowered the minimum voting age from 21 years to 18 years ?

A) 62nd Constitutional Amendment

B) 89th Constitutional Amendment

C) 61st Constitutional Amendment

D) 34th Constitutional Amendment

E) None of the above

65. पछुआ पवनें किन अक्षांशों के बीच बहती हैं ?

A) भूमध्य रेखा के दोनों ओर 0° से 30° तक

B) भूमध्य रेखा के दोनों ओर 10° से 20° तक

C) भूमध्य रेखा के दोनों ओर 60° से 90° तक

D) भूमध्य रेखा के दोनों ओर 30° से 60° तक

E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Westerlies (Winds) blow between which latitudes ?

A) 0° and 30°, on either side of the equator

B) 10° and 20°, on either side of the equator

C) 60° and 90°, on either side of the equator

D) 30° and 60°, on either side of the equator

E) None of the above

66. एल.ए.एन. का पूर्ण रूप क्या है ?

A) लार्ज एरिया नेटवर्क

B) लिंक्ड एरिया नेटवर्क

C) लोकल एरिया नेटवर्क

D) लोकल ऐक्सेस नोड

E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

What does LAN stand for ?

A) Large Area Network

B) Linked Area Network

C) Local Area Network

D) Local Access Node

E) None of the above

67. मशीन अधिगम किसका उपसमूह है ?

A) विशाल आँकड़ा

B) कृत्रिम बुद्धिमत्ता

C) मेघ संगणना

D) रोबोटिकी

E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Machine Learning is a subset of

A) Big Data

B) Artificial Intelligence

C) Cloud Computing

D) Robotics

E) None of the above

68. निम्नलिखित में से कौन-सा निर्गम उपकरण (आउटपुट डिवाइस) है ?

A) कीबोर्ड
B) प्लॉटर
C) जॉयस्टिक
D) स्कैनर
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Which of the following is an output device ?

A) Keyboard
B) Plotter
C) Joystick
D) Scanner
E) None of the above

69. सुरक्षित एवं विकेन्द्रीकृत लेन-देन अभिलेख तैयार करने के लिए किस तकनीक का उपयोग किया जाता है ?

A) मेघ संगणना
B) वाई-फाई
C) मशीन अधिगम
D) ब्लॉकचेन
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Which technology is used to create a secure, decentralized ledger of transactions ?

A) Cloud Computing
B) Wi-Fi
C) Machine Learning
D) Blockchain
E) None of the above

70. डिजिलॉकर भारत सरकार द्वारा प्रदान की गई ऐसी सेवा है, जो नागरिकों को क्या सुविधा देती है ?

A) सरकारी नौकरियों के लिए ऑनलाइन आवेदन करना
B) सूचना के अधिकार (आरटीआई) के आवेदन दाखिल करना
C) ऑनलाइन कर का भुगतान करना
D) सरकारी दस्तावेज़ों को डिजिटल रूप में सुरक्षित रखना और साझा करना
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

DigiLocker is a service provided by the Government of India that allows citizens to

A) Apply for government jobs online
B) File Right to Information (RTI) applications
C) Pay taxes online
D) Store and share official documents digitally
E) None of the above

71. भारत का चंद्रयान – 3 मिशन चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर किस वर्ष सफलतापूर्वक उतरा ?

A) 2021 B) 2024
C) 2023 D) 2022
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

India's Chandrayaan – 3 Mission successfully landed on the Moon's south pole in which year ?

A) 2021 B) 2024
C) 2023 D) 2022
E) None of the above

72. निम्नलिखित में से कौन-सा प्रचालन तंत्र (ऑपरेटिंग सिस्टम) नहीं है ?

A) उबुन्टु
B) एम.एस. एक्सेल
C) एंड्रॉयड
D) मैक ओ.एस.
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Which of the following is not an operating system ?

A) Ubuntu
B) MS-Excel
C) Android
D) macOS
E) None of the above

73. निम्नलिखित में से कौन-सा ऐसा हानिकारक प्रोग्राम है जो स्वयं को वैध सॉफ्टवेयर के रूप में प्रस्तुत करता है ?

A) वर्म B) एन्टीवायरस
C) फायरवॉल D) ट्रोजन हॉर्स
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Which of the following is a type of malware that disguises itself as legitimate software ?

A) Worm B) Antivirus
C) Firewall D) Trojan Horse
E) None of the above

74. निम्नलिखित में से कौन-सा तंत्र सॉफ्टवेयर (सिस्टम सॉफ्टवेयर) का उदाहरण है ?

A) एम.एस. वर्ड
B) विंडोज 10
C) गूगल क्रोम
D) एडोब फोटोशॉप
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Which of the following is an example of system software ?

A) MS-Word
B) Windows 10
C) Google Chrome
D) Adobe Photoshop
E) None of the above

75. आधार, भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण द्वारा जारी कितने अंकों की विशिष्ट पहचान संख्या है ?

A) 10
B) 12
C) 8
D) 7
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Aadhaar is a ______________-digit unique identification number issued by the Unique Identification Authority of India (UIDAI).

A) 10
B) 12
C) 8
D) 7
E) None of the above

76. ई-मेल में 'सी.सी.' का पूर्ण रूप है

A) कार्बन कॉपी
B) कॉन्फिडेंशियल कॉपी
C) कंप्लीट कॉपी
D) कंप्यूटर कॉपी
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

What does 'CC' in an e-mail stand for ?

A) Carbon Copy
B) Confidential Copy
C) Complete Copy
D) Computer Copy
E) None of the above

77. उमंग ऐप का पूर्ण रूप क्या है ?

A) यूनिफाइड मोबाइल एप्लिकेशन फॉर न्यू-एज गवर्नेंस
B) अपग्रेडेड मोबाइल एप्लिकेशन फॉर नेशनल गवर्नेंस
C) युनैटेड मोबाइल ऐप फॉर नेशनल ग्रोथ
D) यूनिवर्सल मोबाइल एक्सेस फॉर नेशनल गवर्नमेन्ट
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

UMANG app stands for

A) Unified Mobile Application for New-age Governance
B) Upgraded Mobile Application for National Governance
C) United Mobile App for National Growth
D) Universal Mobile Access for National Government
E) None of the above

78. IPv4 पते में कुल कितने बिट होते हैं ?

A) 16 बिट
B) 128 बिट
C) 64 बिट
D) 32 बिट
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

An IPv4 address consists of how many bits ?

A) 16 bits
B) 128 bits
C) 64 bits
D) 32 bits
E) None of the above

79. एक मजबूत कूटशब्द (स्ट्रॉन्ग पासवर्ड) में आदर्श रूप से क्या होना चाहिए ?

A) केवल अक्षर

B) आपका नाम और जन्म वर्ष

C) बड़े अक्षर, छोटे अक्षर, अंक तथा विशेष चिह्नों का मिश्रण

D) केवल अंक

E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

A strong password should ideally contain

A) Only letters

B) Your name and birth year

C) A mix of uppercase, lowercase, numbers and special characters

D) Only numbers

E) None of the above

80. गहन अधिगम प्रतिरूप किसकी संरचना से प्रेरित है ?

A) मानव नेत्र

B) डी.एन.ए. की संरचना

C) संगणक संसाधक

D) मानव मस्तिष्क (जैविक तंत्रिका जाल)

E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Deep Learning models are inspired by the structure of

A) Human eye

B) DNA structure

C) Computer processor

D) Human brain (biological neural networks)

E) None of the above

81. उत्तर प्रदेश में भारतीय चरागाह एवं चारा अनुसंधान संस्थान (IGFRI) की स्थापना किस वर्ष हुई थी ?

A) 1952 B) 1962

C) 1972 D) 1982

E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

In Uttar Pradesh the Indian Grassland and Fodder Research Institute (IGFRI) was established in which year ?

A) 1952 B) 1962

C) 1972 D) 1982

E) None of the above

82. उत्तर मध्य रेलवे का मुख्यालय उत्तर प्रदेश के किस जिले में स्थित है ?

A) कानपुर

B) वाराणसी

C) प्रयागराज

D) लखनऊ

E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

The headquarters of North Central Railway is located at ______ district of Uttar Pradesh.

A) Kanpur

B) Varanasi

C) Prayagraj

D) Lucknow

E) None of the above

83. जून 2026 तक उत्तर प्रदेश विधानसभा में कितने निर्वाचित सदस्य हैं ?

A) 400 B) 405

C) 404 D) 403

E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

The Uttar Pradesh Legislative Assembly consists of how many elected members, as on June 2026 ?

A) 400 B) 405

C) 404 D) 403

E) None of the above

84. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए ।

1. मुंशी प्रेमचन्द – गोदान
2. हरिवंश राय बच्चन – मधुशाला
3. जयशंकर प्रसाद – कामायनी

उपरोक्त में से कौन-से युग्म सही सुमेलित हैं ?

A) केवल 1 और 2
B) 1, 2 और 3
C) केवल 1 और 3
D) केवल 2 और 3
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Consider the following pairs.

1. Munshi Premchand – Godaan
2. Harivansh Rai Bachchan – Madhushala
3. Jaishankar Prasad – Kamayani

Which of the pairs given above are correctly matched ?

A) 1 and 2 only
B) 1, 2 and 3
C) 1 and 3 only
D) 2 and 3 only
E) None of the above

85. उत्तर प्रदेश के किस मेट्रो स्टेशन ने भारत का सबसे तेज़ी से निर्मित भूमिगत मेट्रो स्टेशन होने के कारण लिम्का अभिलेख पुस्तिका में स्थान प्राप्त किया ?

A) हज़रतगंज मेट्रो स्टेशन
B) ट्रांसपोर्ट नगर मेट्रो स्टेशन
C) चौधरी चरण सिंह हवाई अड्डा मेट्रो स्टेशन
D) चारबाग मेट्रो स्टेशन
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Which metro station of Uttar Pradesh entered the Limca Book of Records for being the fastest constructed underground metro station in India ?

A) Hazratganj Metro Station
B) Transport Nagar Metro Station
C) Chaudhary Charan Singh Airport Metro Station
D) Charbagh Metro Station
E) None of the above

86. उत्तराखण्ड (पूर्व नाम उत्तरांचल) को उत्तर प्रदेश से अलग कब बनाया गया ?

A) 1 नवम्बर 2000
B) 26 जनवरी 2001
C) 15 नवम्बर 2000
D) 9 नवम्बर 2000
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Uttarakhand (formerly Uttaranchal) was carved out of Uttar Pradesh on

A) 1 November 2000
B) 26 January 2001
C) 15 November 2000
D) 9 November 2000
E) None of the above

87. इलाहाबाद विश्वविद्यालय की स्थापना कब हुई थी ?

A) 23 सितम्बर 1887
B) 24 सितम्बर 1857
C) 23 सितम्बर 1947
D) 22 सितम्बर 1950
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

The University of Allahabad was established on

A) 23 September 1887
B) 24 September 1857
C) 23 September 1947
D) 22 September 1950
E) None of the above

88. नरोरा परमाणु विद्युत केन्द्र के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए ।

1. यह उत्तर प्रदेश के बुलन्दशहर जिले के नरोरा नगर में स्थित है ।
2. यह गंगा नदी के तट पर स्थित है ।
3. इसका संचालन भारत की परमाणु विद्युत निगम लिमिटेड (एनपीसीआईएल) द्वारा किया जाता है ।

उपरोक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

A) केवल 1 और 2
B) 1, 2 और 3
C) केवल 1 और 3
D) केवल 2 और 3
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Consider the following statements regarding the Narora Atomic Power Station.

1. It is located in Narora town of Bulandshahr district, Uttar Pradesh.
2. It is situated on the banks of the Ganga river.
3. It is operated by the Nuclear Power Corporation of India Limited (NPCIL).

Which of the statements given above is/are correct ?

A) 1 and 2 only
B) 1, 2 and 3
C) 1 and 3 only
D) 2 and 3 only
E) None of the above

89. शेखा झील पक्षी विहार उत्तर प्रदेश के किस जिले में स्थित है ?

A) हरदोई
B) मैनपुरी
C) अलीगढ़
D) इटावा
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Shekha Jheel Bird Sanctuary is located in which district of Uttar Pradesh ?

A) Hardoi
B) Mainpuri
C) Aligarh
D) Etawah
E) None of the above

90. परवती अर्गा पक्षी विहार उत्तर प्रदेश के किस जिले में स्थित है ?

A) लखनऊ
B) गोरखपुर
C) गोंडा
D) बहराइच
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Parwati Arga Bird Sanctuary is situated in which district of Uttar Pradesh ?

A) Lucknow
B) Gorakhpur
C) Gonda
D) Bahraich
E) None of the above

91. संयुक्त प्रान्त का पुनर्गठन कर उसका नाम उत्तर प्रदेश कब रखा गया ?

A) 15 अगस्त 1947
B) 1 नवम्बर 1946
C) 26 जनवरी 1950
D) 24 जनवरी 1950
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Uttar Pradesh was reorganized and renamed from the United Provinces on

A) 15 August 1947
B) 1 November 1946
C) 26 January 1950
D) 24 January 1950
E) None of the above

92. भारत वन स्थिति प्रतिवेदन (ISFR), 2023 के अनुसार वन एवं वृक्ष आच्छादन में वृद्धि के आधार पर उत्तर प्रदेश का भारतीय राज्यों में कौन-सा स्थान था ?

A) प्रथम
B) चतुर्थ
C) तृतीय
D) द्वितीय
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

According to the India State of Forest Report (ISFR) 2023, Uttar Pradesh ranked ______ among Indian States in terms of increase in forest and tree cover.

A) 1st
B) 4th
C) 3rd
D) 2nd
E) None of the above

93. उत्तर प्रदेश की चम्बल नदी किस राष्ट्रीय जलमार्ग (NW) से संबंधित है ?

A) राष्ट्रीय जलमार्ग (NW) – 42
B) राष्ट्रीय जलमार्ग (NW) – 1
C) राष्ट्रीय जलमार्ग (NW) – 24
D) राष्ट्रीय जलमार्ग (NW) – 108
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Which National Waterway (NW) is associated with the Chambal River in Uttar Pradesh ?

A) National Waterway (NW) – 42
B) National Waterway (NW) – 1
C) National Waterway (NW) – 24
D) National Waterway (NW) – 108
E) None of the above

94. उत्तर प्रदेश के समान पक्षी विहार की स्थापना किस वर्ष की गई थी ?

A) 1985
B) 1995
C) 1990
D) 1988
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

In which year was the Saman Bird Sanctuary of Uttar Pradesh established ?

A) 1985
B) 1995
C) 1990
D) 1988
E) None of the above

95. उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (यूपी एसडीएमए) के पदेन अध्यक्ष कौन होते हैं ?

A) उत्तर प्रदेश के राज्यपाल
B) राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ़) के महानिदेशक
C) उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री
D) उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Who is the ex-officio chairman of the Uttar Pradesh State Disaster Management Authority (UP SDMA) ?

A) Governor of Uttar Pradesh
B) Director General, State Disaster Response Force (SDRF)
C) Chief Minister of Uttar Pradesh
D) Chief Secretary of Uttar Pradesh
E) None of the above

96. भारत के 2011 की जनगणना के अनुसार उत्तर प्रदेश की कुल साक्षरता दर कितनी थी ?

A) 62.59%
B) 75.8%
C) 78%
D) 65.82%
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

According to Population Census 2011 of India, the total literacy rate of Uttar Pradesh was

A) 62.59%
B) 75.8%
C) 78%
D) 65.82%
E) None of the above

97. उत्तर प्रदेश का राज्य पक्षी कौन-सा है ?

A) मोर
B) राजहंस
C) तोता
D) सारस क्रेन
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Which is the State Bird of Uttar Pradesh ?

A) Peacock
B) Flamingo
C) Parrot
D) Sarus Crane
E) None of the above

98. उत्तर प्रदेश के कौशाम्बी जिले के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए।

1. कौशाम्बी जिले का गठन 4 अप्रैल 1997 को इलाहाबाद जिले से किया गया था।
2. कौशाम्बी का जिला मुख्यालय मंझनपुर है।
3. मंझनपुर यमुना नदी के उत्तरी तट पर स्थित है।

उपरोक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

A) केवल 1
B) 1, 2 और 3
C) केवल 2 और 3
D) केवल 1 और 2
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Consider the following statements regarding Kaushambi district of Uttar Pradesh.

1. Kaushambi district was carved out of Allahabad district on 4th April 1997.
2. The district headquarters of Kaushambi is Manjhanpur.
3. Manjhanpur is situated on the north bank of the Yamuna River.

Which of the statements given above is/are correct ?

A) 1 only
B) 1, 2 and 3
C) 2 and 3 only
D) 1 and 2 only
E) None of the above

99. जून 2026 तक उत्तर प्रदेश में कुल कितने जिले हैं ?

A) 72
B) 75
C) 80
D) 74
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

How many districts are there in Uttar Pradesh as on June 2026 ?

A) 72
B) 75
C) 80
D) 74
E) None of the above

100. आगरा स्थित ताजमहल का निर्माण किसने कराया था ?

A) अकबर
B) औरंगज़ेब
C) शाहजहाँ
D) जहाँगीर
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Who built the Taj Mahal at Agra ?

A) Akbar
B) Aurangzeb
C) Shah Jahan
D) Jahangir
E) None of the above